## Government Girls Polytechnic, Amethi
## Training and Placement Cell

पत्रांक: ११८ /2026/प्रशि०/रा०म०पॉ० दिनांक: 02 सितम्बर 2026

# आवश्यक सूचना

**शैक्षणिक सत्र 2025–26 / 2026–27 हेतु ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण (Summer Training) विवरण, प्रमाण पत्र एवं फीडवैक ऑनलाइन जमा करने के सम्बन्ध में।**

संस्थान के समस्त पाठ्यक्रमों/शाखाओं के द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) एवं अन्तिम वर्ष (पंचम सेमेस्टर) की छात्राओं को सूचित किया जाता है:

प्राविधिक शिक्षा परिषद (BTEUP) के पाठ्यक्रमानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पूर्ण किए गए 4-सप्ताह / 6-सप्ताह के अनिवार्य ग्रीष्मकालीन औद्योगिक प्रशिक्षण (Summer Industrial Training) का विवरण, संस्था द्वारा जारी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र (Training Certificate) एवं कंपनी फीडबैक को छात्र पोर्टल पर ऑनलाइन सबमिट करना अनिवार्य है।

ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का सेशनल मूल्यांकन, मौखिक परीक्षा (Viva-Voce) एवं सेशनल अंक केवल उन्हीं छात्राओं को प्रदान किए जाएंगे जिनका ऑनलाइन विवरण एवं प्रमाण पत्र सत्यापित पाया जाएगा।

---

**महत्वपूर्ण तिथियाँ (DEADLINES)**

---

- पोर्टल पर सबमिशन प्रारम्भ होने की तिथि : 02 सितम्बर 2026
- सबमिशन की अन्तिम तिथि : 18 सितम्बर 2026
- विभागीय मूल्यांकन / वाइवा (Viva-Voce) : सम्बंधित विभागाध्यक्षों द्वारा अलग से सूचित किया जाएगा।

---

**अनिवार्य निर्देश**

---

1. प्रशिक्षण प्रमाण पत्र की स्पष्ट एवं पठनीय स्कैन कॉपी (जिस पर अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर स्पष्ट हों) अपलोड करें।
2. कंपनी/संस्था का नाम, मेंटर/प्रशिक्षक का नाम, प्रशिक्षण की अवधि और माध्यम की सही जानकारी दर्ज करें।
3. प्रशिक्षण के दौरान किए गए प्रोजेक्ट का विषय (Project Name) दर्ज करें।
4. कंपनी एवं प्रशिक्षण का फीडबैक फॉर्म अनिवार्य रूप से भरें।

निर्धारित तिथि तक विवरण व प्रमाण पत्र जमा न करने की दशा में सेशनल अंक शून्य कर दिए जाएंगे तथा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने पर रोक लगाई जा सकती है, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र की होगी।

पोर्टल लॉगिन अथवा सबमिशन में किसी भी तकनीकी कठिनाई की स्थिति में श्री शीतांशु कृष्ण (प्रवक्ता कंप्यूटर) वेबसाइट प्रभारी से संपर्क करें।

03/09/26

प्रधानाचार्य
राजकीय महिला पॉलीटेक्निक
राजकीय महिला पालीटेक्निक
अमेठी


प्र०सं० – ११६-१७/2026/प्रशि०/रा०म० पॉ० – तद्दिनांक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:
1. सम्बंधित कक्षा के कक्षा-अध्यापक को इस निर्देश के साथ कि छात्राओं को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचित करें।
2. संस्थान सूचना पट्ट एवं छात्रा व्हाट्सएप ग्रुप तथा वेबसाइट नोटिस।

03/09/26

प्रधानाचार्य
राजकीय महिला पालीटेक्निक
अमेठी

<u>पोर्टल पर सबमिशन की ऑनलाइन प्रक्रिया</u>




Rashmi 03/09/2026

प्रधानाचार्य
राजकीय महिला पॉलीटेक्निक

प्रधानाचार्य
राजकीय महिला पालीटेक्निक
अमेठी